केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क- bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 229 रविवार 10 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## काशी में पीएम मोदी के रोड शो में उमड़े लोग



वाराणसी (आभा) पीएम मोदी शनिवार की शाम सात बजे के बाद काशी पहुंचे। इस दौरान शंख ध्वनि और ढोल नगाड़े के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पीएम के दौरे को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखे। पीएम के पहुंचने से करीब दो–तीन घंटे पहले से बही कार्यकर्ताओं ने हर–हर महादेव के जयकारे के साथ मोदी–मोदी के नारे लगाए। साथ ही काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोगों ने पीएम की तस्वीर वाले पोस्टर के साथ महिलाओं ने जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे गीत भी गाए। इस दौरान काशी वासियों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

भाजपा की क्षेत्रीय, जिला और महानगर इकाई ने प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए 38 प्वाइंट बनाए थे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही तीन स्थानों पर ढोल, नगाड़े बजें साथ ही गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर शहर में आकर्षक पोस्टर लगाए गए , पीएम मोदी के आगमन को लेकर काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर 4 पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## एक नजर

### ग्लो एण्ड ग्लैमर शो रूम का उद्घाटन 10 को

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । ग्लो एण्ड ग्लैमर शो रूम का उद्घाटन 10 मार्च रविवार को दिन में 2 बजे किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये सना खान ने बताया कि ग्लो एण्ड ग्लैमर शो रूम में लहंगा, साड़ी, गाउन, इमेटिशियन ज्वेलरी के साथ ही उच्च स्तरीय गुण्वत्तापूर्ण मेकप की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। टाउन क्लब के निकट स्थित शोरूम का उद्घाटन सांसद हरीश द्विवेदी द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर सिने कलाकार सारा खान के साथ ही शबाब साबरी और उनकी टीम द्वारा शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति टाउन क्लब में किया जायेगा।

ग्लो एण्ड ग्लैमर शो रूम की प्रोपराइटर सना खान ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर अनेक विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में पुरस्कृत हुए छात्र



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। ब्लॉक संसाधन केंद्र विक्रमजोत के परिसर में खण्ड शिक्षा अधिकारी ममता सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड के निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित करके किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और स्मृति देकर स्वागत किया गया। निपुण बच्चों को पुरस्कृत करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अजय सिंह ने कहा कि जो सपना प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित करने का देखा है वह सपना हमारा इन्हीं बच्चों में से कोई शिक्षक, डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी आदि बनाकर पूरा करेगा, यह सफलता का रास्ता हमारे आंगनबाड़ी और प्राइमरी स्कूलों से होकर जाएगा।

इस अवसर पर रामशंकर ओझा, देवेंद्र सिंह, संतोष शुक्ल, संतोष सिंह, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, नंदलाल, मुक्तिनाथ वर्मा, परशुराम वर्मा, दिनेश चंद्र, अखिलेश सिंह, बलिस्टर सिंह, रज्जू, सत्य प्रकाश कनोजिया, अमित, प्रियंका सिंह, मुक्ता पाण्डेय, कुमुद सिंह, सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षक, अभिभावक, बच्चे और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती ने खा लिया जहरीला पदार्थ

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी एक युवती ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने ही कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन–फानन में उसे कलवारी सीएचसी में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत सामान्य है। कलवारी पुलिस ने इस मामले में आरोपी सदावृक्ष निषाद पर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। डॉक्टर के मुताबिक उसकी हालत सामान्य है। जहर खाने का लक्षण नहीं दिखा है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को नायब तहसीलदार स्वाति सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस की सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान युवती व उसका कथित प्रेमी थाने पर पहुंचे। युवती अपने प्रेमी पर शादी करने का दबाव बना रही थी लेकिन उसने शादी से साफ तौर पर इंकार कर दिया। इससे नाराज युवती कैंपस में लगे हैंडपंप के पास चली गई। वहां जाकर अपने पास रखी एक पुड़िया निकाली और कहने लगी कि उसके साथ धोखा हुआ है, वह जहर खा रही है।

## महाशिवरात्रि मेले में बिछड़ों को मिलाया शिविर का संचालन पुनीत कार्य- हरीश द्विवेदी



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में श्री भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर संचालित 'बिछुडे मिले माध्यम शिविर' में 32 बच्चों के साथ ही अनेक बिछड़ो को उनके परिजनों से मिलाया गया। जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि रोते बिलखते बच्चों को चेहरों पर जब मुस्कान आती है तो परिश्रम सफल हो जाता है। कहा कि अभिभावक मेले में आने से पूर्व बच्चों की जेब में नाम, पता की पर्चियां डाल दें तो बिछड़ो को मिलाना आसान हो जाता है। सांसद हरीश द्विवेदी ने शिविर में पहुंचकर जय प्रकाश गोस्वामी का हौसला बढाया। कहा कि पिछले 33 वर्षो से खोया पाया शिविर का संचालन करना बड़ी उपलब्धि है। शिविर में बच्चों के नाम को प्रसारित किया गया जहां से परिजन उनको लेकर गये।

कुदरहा व्लाक प्रमुख अनिल दूबे ने कहा कि खोया पाया शिविर की जरूरत हमेशा बनी रहेगी, पिछले 33 वर्षो से जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर का अनवरत संचालन एक उपलब्धि है। बिछड़ों को मिलाना पुनीत कार्य है।

शिविर के संचालन में विश्वनाथ जायसवाल, अजय सिंह गौतम, राजेश मिश्र, सिद्धार्थ शंकर मिश्र, सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ब्रम्हदेव यादव 'देवा' बब्लू तिवारी, आर.एन. सोनी, अरविन्द सिंह, नीतेश शर्मा 'रवि', मनोज सिंह रानू, रविशंकर शुक्ल, कुन्दन वर्मा, राम अधार पाल, मुकेश श्रीवास्तव, कौशल किशोर शुक्ल, कौशल पाण्डेय, पुनीत ओझा, रमेश चन्द्र मिश्रा, अमित सिंह, सूरज सिंह, अतुल शुक्ल, अमित पाण्डेय, विपिन सिंह, मुक्तेश्वर यादव, प्रिन्स शुक्ल, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू' प्रशान्त पाण्डेय, डा. डी.के. गुप्ता, डा. नवीन श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, विजय प्रकाश गोस्वामी, मिन्टू गिरी, राजेश गिरी, आजाद गोस्वामी, अशोक कुमार गुप्ता, आर.के. पाण्डेय आदि ने योगदान दिया।

## दबंगों ने दलित परिवार को जमीनी विवाद में मारा पीटाः एस.पी. से लगाया न्याय की गुहार

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चरूईया बेलघाट निवासिनी दलित महिला प्रमिला देवी पत्नी ओम प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में प्रमिला देवी ने कहा है कि उसके घर के सामने सहन आबादी के रूप में दर्ज है। गत 27 फरवरी को गांव के ही अरविन्द चौधरी, उमेश चौधरी, सतीश चौधरी, चन्द्रशेखर चौधरी पुत्रगण राम सूरत, मेहीलाल पुत्र महादेव आदि ने हरिजन आबादी की जमीन को बिना कोई कारण बताये टीनशेड लगाकर जबरिया कब्जा करने लगे। जब प्रमिला देवी और उसकी लड़की साधना, रामलाल की भाभी नीलम आदि ने जबरिया कब्जे का विरोध किया और बताया कि जमीन हरिजन आबादी के रूप में दर्ज है तो उक्त लोगों ने जाति सूचक गालियां देते हुये मारा पीटा, प्रमिला की पुत्री साधना, बहू नीलम को जबरिया नंगा कर बेईज्जत किया। दबंगों ने टीनशेड, कन्डौरा और लकड़ी आदि फेंककर आग लगा दिया। प्रर्मिला देवी के पुत्र श्यामलाल को भी मारा पीटा और धमकी दिया कि थाने पर रिपोर्ट लिखवाने गये तो जान से मार देंगे।

पत्र में प्रर्मिला ने कहा है कि घटना सूचना कप्तानगंज थाने को दिया गया था किन्तु अभी तक दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही अपने परिवार के रक्षा और जमीनी विवाद के निस्तारण की मांग किया है।

## संतोष सिंह को विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी घोषित किए जाने पर प्रसन्नता



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और ब्रज क्षेत्र के प्रभारी लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंह को विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी घोषित किए जाने पर प्रसन्नता का माहौल है। शनिवार को न्याय मार्ग पर सत्येंद्र सिंह 'भोलू' के नेतृत्व में आमजन में मिठाई बांट कर खुशियों को साझा किया। कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने देर से ही सही उचित निर्णय लिया है। छात्र संघ की कोख से निकले सन्तोष सिंह का युवाओं के बीच विशेष जनाधार है। विधान परिषद सदस्य के रूप में निश्चित रूप से उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी और सदन को सुयोग्य चेहरा मिलेगा।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सत्येंद्र सिंह भोलू ने कहा कि संतोष सिंह जी का लंबा राजनीतिक इतिहास है वह लखनऊ विश्वविद्यालय के महामंत्री और अध्यक्ष रहे और बीजेपी में युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी के साथ–साथ उन्होंने भारतीय जनता पार्टी संगठन में मंत्री और उपाध्यक्ष पद पर निष्ठा के साथ कार्य किया और उसका परिणाम है कि आज पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उन्हें विधान परिषद के रूप में सम्मान प्रदान किया।

खुशी इजहार करने वाले में सत्येंद्र बहादुर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राकेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष हनुमानगंज भाजपा, दिलीप पांडे, शुभम पाठक, राहुल, विकास, पिछड़ा वर्ग के महामंत्री जयप्रकाश गोस्वामी के साथ ही अनेक स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

## बिना अनुमति मोमेन्टम ने कैसे बनवा दिया यातायात पुलिस के लिए केबिन.!



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। बस्ती जनपद के प्रमुख चौराहों पर मोमेन्टम द्वारा अपनी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ ही साथ अतिरिक्त आय अर्जित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के लिए केबिन बनवाकर उस पर अपना व्यापक प्रचार किया जा रहा है, आश्चर्य है कि इसके लिए जिला प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गयी है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक बस्ती से सूचना अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत निर्धारित शुल्क का भुगतान करके इस सम्बन्ध में सूचना मांगी थी, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने पत्र संख्या: ज०सू०आ०–92/2024 दिनाक 22–02–2023 के माध्यम से दी गयी सूचना में जानकारी दी गयी है कि पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा इस सम्बन्ध में प्रभारी यातायात से रिर्पोट मांगी गयी, जिसमें यातायात प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि मोमेन्टम द्वारा अपने प्रचार प्रसार हेतु यातायात पुलिस के लिए बनवाई गयी केबिनों एवं उस पर लगाये गये प्रचार हेतु जनपदीय, प्रदेश मुख्यालय से कोई अनुमति प्रदान

### –सूचना अधिकार से जानकारी में सामने आया सच

नहीं की गयी है, और न ही कोई सरकारी धन व्यय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका सीमा क्षेत्र में होर्डिंग्स , यूनिपोल या अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार से जुड़ी फर्मों को नगर पालिका परिषद् बस्ती में प्रत्येक के लिए निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त स्थान का निर्धारण होता है, मोमेन्टम द्वारा बिना किसी अनुमति के शहर में यातायात पुलिस के लिए बनवाई गयी केबिनों के साथ ही उनपर किये जा रहे प्रचार पूरी तरह अवैध है।

श्री उपाध्याय ने बताया कि इस मामले को प्रदेश मुख्यालय तक उठाया जायेगा, जिससे अब तक किये गये प्रचार–प्रसार की अवधि का आगणन करते हुए नियमानुसार धनराशि का आंकलन करके उसकी रिकवरी के साथ ही साथ विधिक कार्यवाही करते हुए अवैधानिक रूप से बिना किसी अनुमति के बनायी गयी केबिनों को हटाया जाए।

## भाजपा ने घोषित किया विधान परिषद के 7 प्रत्याशी

लखनऊ (आभा)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने यूपी और बिहार के लिए विधान परिषद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। यूपी विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने एमएलसी चुनाव के लिए मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि विजय बहादुर पाठक, महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया को फिर से रिपीट किया है। ये तीना प्रत्याशी मौजूदा एमलसी हैं। बतादें कि विधान परिषद की 13 सीटें पांच मई को रिक्त होने जा रही है। इसमें 10 सीटें भाजपा और एक उसके सहयोगी अपना दल (एस) के पास थीं। जबकि एक–एक सीट सपा और बसपा के पास है।

संख्या बल के हिसाब से इस बार भाजपा और उसके सहयोगी दल के हिस्से 10 सीटें आएंगी। एक सीट से अपना दल (एस) से आशीष पटेल का परिषद जाना तय है। पार्टी एमएलसी प्रत्याशियों के जरिए भी सामाजिक समीकरण साधने का प्रयास करेगी। यही कारण है कि जातीय समीकरण के लिहाज से ही नामों का पैनल दिल्ली भेजा गया था। इस पैनल में अधिकांश मौजूदा विधान परिषद सदस्यों के साथ ही कुछ प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित कुछ अन्य नेताओं के नाम शामिल किए गए थे। इसमें तीन महिला प्रदेश पदाधिकारियों के नाम भी थे।

सात प्रत्याशियों की सूची में तीन नाम ऐसे हैं जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है।

## कांग्रेस कार्यालय पर हुई इण्डिया गठबंधन की पहली बैठकः बनी जीत की रणनीति

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**



बस्ती। इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक कांग्रेस पार्टी के कटेश्वरपार्क स्थित कार्यालय पर हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री एवं गठबंधन की ओर से घोषित लोकसभा उम्मीदवार रामप्रसाद चौधरी ने कहा देशभर में ऐसा माहौल बन गया है कि नौकरशाह भी सरकारी एजेण्ट बनकर कार्य कर रहे हैं। इलेक्टोरेल बाण्ड, दलितों, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बेरोजगारी, पेपर लीक, चण्डीगढ़ मेयर चुनाव जैसे तमाम प्रकरण हैं जिनको लेकर पूरी भाजपा शर्मसार है और उसके नेता जनता को मुह दिखाने लायक नही हैं। हमे जनता के बीच मजबूती से जाकर सामाजिक न्याय की बात करनी है।

उन्होने कहा देश में सच और झूठ के बीच जंग चल रही है, राहुल गांधी ने एक वर्ष के भीतर जिन मामलों को उठाया है उनको लेकर सरकार की पोल खुली है और जनता को भाजपा के असली चाल चरित्र का ज्ञान हुआ है। उन्होने कहा मनरेगा, आरटीआई, खाद्य सुरक्षा बिल, जैसी अनेक योजनायें मनमोहन सरकार के कार्यकाल में लाई गयीं। रामप्रसाद चौधरी ने कहा 2024 का चुनाव आज तक हुये चुनावों से भिन्न है। इस बार भाजपा जीती तो लोकतंत्र खत्म हो जायेगा और एक तानाशाह के हाथों में देश की कमान होगी।

सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा चौराहों, गांव की चौपालों पर एक ही बात हो रही है, कि गठबंधन उम्मीदवार से भाजपा को मुह की खानी पड़ेगी और जिस तरह से भाजपा के पांच विधायकों की ताकत विधानसभा चुनाव में धरी रह गई थी और जनता ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों के सिर जीत का सेहरा बांधा था उसी तरह राम प्रसाद चौधरी ऐतिहासिक जीत दर्ज करायेंगे और देश से नफरत का माहौल खत्म होगा, विकास की गंगा बहेगी।

पूर्व विधायक अबिका सिंह, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा भारत कभी गोडसे का समर्थन नही कर सकता। भाजपा गोडसे को स्थापित करने के लिये एड़ी चोटी एक कर रही है लेकिन विदेशों में जाकर प्रधानमंत्री गांधीजी को महिमामंण्डित करते हैं। ये बात पूरी दुनिया जान चुकी हैं। इसी तरह अरबों रूपया खर्च कर हमारे नेता राहुल गांधी को पप्पू बनाने की कोशिश कर रही है, जबकि भारत जोड़ो यात्रा निकालकर राहुल गांधी ने झूठ और नफरत की बुनियाद पर खड़ी सरकार के मुह में कालिख पोत दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा गठबंधन उम्मीदवार की शानदार जीत दर्ज कराने के लिये कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूरी ताकत से लगेगा। दोनो दलों के समन्वय से बस्ती में इण्डिया गठबंधन इतिहास रचेगा।

## सरकार ने शिक्षा की योजनाओं को धरातल पर उतारा – हरीश द्विवेदी

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। बीआरसी हरैया के प्रांगण में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह और पूर्व प्रमुख योगेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करके किया। खंड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ वर्मा, एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, संदीप सिंह और सुनील बौद्ध ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सांसद हरीश द्विवेदी और विधायक अजय सिंह द्वारा कंपोजिट विद्यालय हरैया के साथ ही ब्लॉक के 26 विद्यालय के स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि जो सुविधा पिछले 65 वर्षों में लोगों को नहीं मिल पाई थी वह पिछले 10 वर्षों में लोगों को मिली है। हमारी सरकार शिक्षा को लेकर गम्भीर है। शिक्षा को लेकर सरकार ने सिर्फ योजनाएं नहीं बनाई बल्कि धरातल पर उतारकर दिखाया है। विशिष्ट अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह ने कहा कि सरकार का जो विकसित



**-बेसिक शिक्षा का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न**

**-भारत के विकसित होने में शिक्षा की भूमिका महत्त्वपूर्ण- अजय सिंह**

भारत का सपना है उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बेसिक शिक्षा की है। कहा कि प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों के बेहतर समन्वय से बेसिक शिक्षा नित नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन धनीष त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर मुन्ना सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक शुक्ल, वरुण सिंह, राम प्रताप सिंह, भरत सिंह, राजकुमार तिवारी, राम सागर वर्मा, सत्यराम वर्मा, अखिलेश सिंह, अविनाश सिंह, डॉ योगेश सिंह, सर्वदेव सिंह, आनंद सिंह, निरुपमा तिवारी, मीरा चौधरी, भारती शुक्ला, ज्योति शुक्ला, ममता त्रिपाठी, अमरचंद वर्मा, हरि सिंह, शैलेन्द्र गौतम, ऋषि सिंह, चिन्मय राय, महेंद्र कुमार, कपिल देव, अरुण साहू, सुनील कुमार, दिवाकर सिंह, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## आशा और संगिनी की भूमिका महत्वपूर्ण- हरीश द्विवेदी

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । आल इण्डिया आशा अधिकार मंच द्वारा शनिवार अमहट घाट स्थित शिव मंदिर के निकट आशा एवं संगिनी सम्मेलन का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आशा और संगिनी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनकी समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराया जायेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय ने 7 सूत्रीय मांग पत्र सांसद को सौंपा। इसमें प्रोत्साहन राशि के स्थान परी निश्चित मानदेय दिये जाने, आशा बहुओं को न्यूनतम 18 हजार और संगनी को 24 हजार रूपया दिये जाने, 50 लाख का बीमा दिये जाने, अतिरिक्त या अन्य विभागों का कार्य न दिये जाने, राज्य कर्मचारी



### —सम्मेलन में उठे जमीनी मुद्दे, सौंपा ज्ञापन

का दर्जा दिये जाने, मृतक आश्रित, आशा व संगनी के परिवार को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति दिये जाने की मांग सौंपा। सांसद हरीश द्विवेदी ने ज्ञापन लेते हुये कहा कि सभी मांगे न्यायोचित है। उनका प्रयास होगा कि इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही कराया जाय।

सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद शुक्ल ने कहा कि आशा और संगिनी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार और शासन स्तर पर इनकी मांगे विचारणीय है। निश्चित रूप से संवेदनशील सरकार उनकी मांगों पर न्यायोचित पहल करेगी। सम्मेलन को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राना दिनेश प्रताप सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.एस. दूबे ने आशा और संगिनी की भूमिका और शासन स्तर पर दी जा रही सुविधाओं, कार्यों की जानकारी दी। मुख्य रूप से आल इण्डिया आशा अधिकार मंच की राष्ट्रीय सचिव शैलेन्द्री श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष नीलम चौधरी, ममता पाण्डेय, इशरावती चौधरी, कैशरजहां, रेखा, शारदा, पूनम तिवारी, सुनीता सिंह, इन्द्रावती गौतम, किरन देवी के साथ ही बड़ी संख्या में आशा एवं संगिनी उपस्थित रहे।

## निषाद पार्टी ने बनाया भाजपा एनडीए के जीत की रणनीति

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। शनिवार को निषाद पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष अशोक निषाद की अध्यक्षता प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 13 अप्रैल को प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम चन्द्र और उनके परम मित्र निषादराज के गले मिलते 51 फिट की मूर्ति का अनावरण होगा जिसमें सहभागिता पर विचार किया गया।



निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल 'निषाद पार्टी' के मण्डल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश निषाद ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राजगनीत गठबंधन एनडीए के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिये निषाद पार्टी के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जुट जाय। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद के संघर्षो की देन है कि आज निषाद समाज को अनेक सुविधायें मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पुनः विजयी बनाना हम सबका संकल्प होना चाहिये। प्रदेश सचिव दीपू निषाद और संगठन जिलाध्यक्ष संदीप कुमार निषाद ने कहा कि निषाद समाज संकट में सबका साथ देते हैं। जिस प्रकार से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को केवटराज ने गंगा पार कराया था ठीक उसी तरह समाज के लोग भाजपा की राजनीतिक नैय्या पार लगायेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से अजय निषाद, अनिल निषाद, धर्मराज निषाद, जयदीप निषाद, मोनू निषाद, बलिराम निषाद, अजय, जगराम निषाद, रामू निषाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष यमुना निषाद, शिखा निषाद के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

